प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट ' इक्यासी '

[ 25/7/2016]

प्रश्न सं. [ क्र. 2856 ]

(3)

## प्रश्नों में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक **26 फरवरी 2016** की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक **215** में मुद्रित तारांकित/परि. अतारांकित/अतारांकित प्रश्न संख्या **84** (क्रमांक **1649**) में, मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूँ :-

**प्रश्नोत्तरसूची में मुद्रित उत्तर के भाग (ख)** में चिकित्सालय में किसी भी एक शाखा में तीन वर्ष से अधिक कोई भी अधिकारी/कर्मचारी निरन्तर कार्यरत नहीं है एवं चिकित्सालय में एक लेखापाल का पद स्वीकृत है लेकिन लेखापाल कार्यरत नहीं होने के कारण लेखापाल का कार्य श्री अनिल कुमार जैन, सहायक ग्रेड 3 से दिनांक 05 फरवरी 2014 से कराया जा रहा है। इस संबंध में लेखीय रूप से वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है।

**के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावें :-**

चिकित्सालय में डॉ. यू.सी. सक्सेना, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आहरण संवितरण अधिकारी कार्य पर दिनांक 30 अप्रैल 2010 से 10 मार्च 2016 तक पदस्थ थे। डॉ. फारूख अख्तर, चिकित्सा अधिकारी, भण्डार में दिनांक 10 अक्टूबर 2011 से 16 फरवरी 2016 तक पदस्थ थे। वीरेन्द्र कुमार शर्मा कम्पाउन्डर दिनांक 10 अक्टूबर 2011 से 10 फरवरी 2016 तक स्टोर इन्चार्ज के रूप में पदस्थ थे तथा गणेश प्रसाद भलावी, फार्मासिष्ट दिनांक 10 अक्टूबर 2011 से 10 फरवरी 2016 तक स्टोर में पदस्थ थे।

उपरोक्त सभी को अधीक्षक इंदिरा गांधी महिला बाल्य चिकित्सालय गैस राहत भोपाल के द्वारा आदेश दिनांक 17 फरवरी 2016 एवं 11 मार्च 2016 के द्वारा परिवर्तित किया गया। वर्तमान स्थिति में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नीति एवं निर्देशों के अनुसार अधिकारी/कर्मचारी उक्त शाखा में पदस्थ है।

हस्ताक्षर एवं पद नाम

(मान. मंत्री)

सहकारिता एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत तथा पुनर्वास
मध्यप्रदेश शासन

परि-2 आवक क्रमांक 44482
दिनांक 18/7/16
विभाग

Shri Mishra
pl process
put up
18/07/1

# संचालक कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत भोपाल

क्रमांक 1767/संचा./के.एन.एच./2016/ भोपाल, दिनांक 15/07/16

प्रति,

संचालक,
गैस राहत एवं पुनर्वास
भोपाल।

विषय :- इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय गैस राहत से संबंधित विधान सभा अतारंकित प्रश्न क्रं0 1649 के संबंध में प्राप्त शिकायत बावत्।

संदर्भ :- आपका पत्र क्रं0 2565 दिनांक 04.07.2016

उपरोक्त विषय में लेख है कि संचालनालय गैस राहत से प्राप्त शिकायत की विस्तृत जांच करने हेतु पृथक से तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमें निम्न सदस्य होगें:-

01. डॉ. आर. के. सक्सेना, अधीक्षक, पी.एम.सी. गैस राहत भोपाल।
02. डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, अधीक्षक, इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय गैस राहत भोपाल।
03. श्रीमति सुधा सक्सेना,लेखा अधिकारी संचालनालय गैस राहत एवं पुनर्वास भोपाल।

उक्त समिति जांच कर अपना प्रतिवेदन दिनांक 02.08.2016 तक इस कार्यालय को प्रस्तुत करेगें।

15/7

संचालक
कमला नेहरू चिकित्सालय
गैस राहत भोपाल

प्र0क्रमांक 1767-A/संचा./के.एन.एच./2016/ भोपाल, दिनांक 15/07/16

प्रतिलिपिः-

01. डॉ. आर. के. सक्सेना, अधीक्षक, पी.एम.सी. गैस राहत भोपाल की ओर पालनार्थ।
02. डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, अधीक्षक, इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय गैस राहत भोपाल की ओर पालनार्थ।
03. श्रीमति सुधा सक्सेना,लेखा अधिकारी संचालनालय गैस राहत एवं पुनर्वास भोपाल की ओर पालनार्थ।
04. सहायक अधीक्षक, द्वितीय, कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत की ओर लेख है कि संचालक कमला नेहरू चिकित्सालय को प्राप्त शिकायत की प्रति जांच समिति को उपलब्ध कराए जिससे समिति समय सीमा में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकें।

संचालक
कमला नेहरू चिकित्सालय
गैस राहत भोपाल